सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in

पत्रांक: 351 / सो.आ.नि.–393 / 17
दिनाँक: 29 अगस्त, 2017

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
(गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बस्ती, मऊ तथा कासगंज को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषय: वर्ष 2017–18 के लिए ब्लाक संसाधन व्यक्तियों (Block Resource Persons) का जनपद स्तर पर पैनल तैयार किया जाना।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस निदेशालय के पत्र संख्या 214 / सो.आ.नि.–393 / 2017 दिनांक 04–7–2017 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र द्वारा ब्लाक संसाधन व्यक्तियों (Block Resource Persons) का जनपद स्तर पर पैनल तैयार किये जाने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से दिनांक 31–7–2017 तक आवेदन पत्र प्राप्त करने तथा प्राप्त आवेदन पत्रों को दैनिक आधार पर सूचीबद्ध करते हुए उन्हें विवरण सहित सुरक्षित रखने हेतु निर्देश जारी किए गए थे।

2– अनुरोध है कि ब्लाक रिसोर्स परसन्स के पैनल तैयार करने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार करने हेतु निम्नवत् चयन समिति का गठन करने तथा 25 सितम्बर, 2017 तक प्रत्येक दशा में ब्लाक रिसोर्स परसन्स का पैनल तैयार करने की कार्यवाही पूर्ण कराने का कष्ट करें:–

1	जिलाधिकारी	अध्यक्ष
2	मण्डलायुक्त द्वारा नामित किसी महाविद्यालय / विश्वविद्यालय / किसी प्रतिष्ठित संस्था का एक प्रतिनिधि	सदस्य
3	जिला विकास अधिकारी	सदस्य–सचिव

कृपया उपरोक्तानुसार ब्लाक रिसोर्स परसन्स का पैनल निर्धारित तिथि तक पूर्ण कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(जुहैर बिन सगीर)
निदेशक